कबाड़ से जुगाड़

फेंकी हुई चीज़ों से कलाकारी

कबाड़ से जुगाड़

फेंकी हुई चीज़ों से कलाकारी

अध्याय 1

पैकिंग

मिस्टर एंड मिसेज
फील्डमाउस और उनके छह
बच्चे पुराना घर छोड़ रहे थे.

"बेकार के कचरे से छुटकारा पाने का यह एक
अच्छा समय है," फादर फील्डमाउस ने कहा.
"हमारे पास कोई कचरा नहीं है," बच्चों ने
जवाब दिया.
"संतरे के रस के डिब्बों का क्या?"
फादर फील्डमाउस से पूछा.

"अच्छा, खाली दूध के डिब्बों का क्या?"

फादर फील्डमाउस से पूछा.

"हम उन्हें रखना चाहते हैं!"

बर्ट्रेंड ने उत्तर दिया.

"हम उन्हें रखना चाहते हैं,!"

एनेट ने जवाब दिया.

"अगर तुम संतरे के रस के डिब्बों को नहीं

फेंकोगे, तो हमें उन्हें ढोने के लिए दो ट्रकों की

आवश्यकता होगी," फादर फील्डमाउस ने कहा.

"हम किसी दिन उनका ज़रूर उपयोग करेंगे,"

मदर फील्डमाउस ने कहा.

"यदि तुमने दूध के डिब्बों से पिंड नहीं छुड़ाया,"
फ़ादर फील्डमाउस ने कहा, "तो हमें दो नहीं
बल्कि तीन ट्रकों की ज़रूरत होगी."
"हम किसी दिन उनका कुछ उपयोग ज़रूर
करेंगे," मदर फील्डमॉज़ ने कहा.

"टॉयलेट पेपर ट्यूबों के बारे में क्या?"
फादर फील्डमाउस से पूछा.
"हम उन्हें रखना चाहते हैं!"
कॉलेट ने उत्तर दिया.

"अगर आप लोग टॉयलेट पेपर ट्यूब
नहीं फेकेंगे," फादर फील्डमाउस ने कहा,
"तो हमें हमें तीन नहीं बल्कि चार ट्रकों
की आवश्यकता होगी.”

"हम किसी दिन उनका कुछ उपयोग ज़रूर खोजेंगे," मदर फील्डमाउस ने कहा.

"यदि आप लोग यार्न स्पूल (धागे की रीलों) से छुटकारा नहीं पाएंगे," फ़ादर फील्डमाउस ने कहा, "तो हमें चार नहीं बल्कि पांच ट्रकों की ज़रुरत होगी."

"हम किसी दिन उनका ज़रूर कुछ उपयोग करेंगे," मदर फील्डमाउस ने कहा.

"यार्न स्पूल (धागे की रीलों) के बारे में क्या?" फादर फील्डमाउस से पूछा.

"हम उन्हें रखना चाहते हैं!" डैनियल ने जवाब दिया.

"हम किसी दिन उनका कोई उपयोग
ज़रूर करेंगे," मदर फील्डमाउस ने कहा.
"पुरानी पत्रिकाओं के बारे में क्या?"
फादर फील्डमाउस ने पूछा.
"हम उन्हें रखना चाहते हैं!"
फर्डिनेंड ने जवाब दिया.

"अंडे के डिब्बों का क्या?"
फादर फील्डमाउस ने पूछा.
"हम उन्हें रखना चाहते हैं!" एस्तेर ने उत्तर दिया.
"अगर हम अंडे के डिब्बों को नहीं फेकेंगे," फादर
फील्डमाउस ने कहा, "तो हमें पांच नहीं बल्कि छह
ट्रक चाहिए होंगे."

"यदि हमने पुरानी पत्रिकाओं से पिंड नहीं छुड़ाया," फादर फील्डमाउस ने कहा "तो हमें छह नहीं बल्कि सात ट्रकों की आवश्यकता होगी."

"हम किसी दिन उनका कोई उपयोग ज़रूर करेंगे," मदर फील्डमाउस ने कहा.

मिस्टर एंड मिसेज फील्डमाउस और उनके छह बच्चों ने घर की सारी बेकार और कचरा चीजें पैक कीं. उन्हें एक नहीं, दो नहीं, तीन नहीं, चार नहीं, पांच नहीं, छह नहीं, बल्कि सात ट्रकों की जरूरत पड़ी.

अध्याय 2

सामान उतारना

मिस्टर एंड मिसेज फील्डमाउस
का नया घर वास्तव में एक पुराना घर था.
"हम संतरे के रस के डिब्बे कहाँ रखें?"
एनेट ने पूछा.

"सोने वाले कमरे में नहीं!" माँ फील्डमाउस ने उत्तर दिया.

"हम उनके लिए कोई जगह तलाश करेंगे," फादर फील्डमाउस ने कहा.

"हम दूध के डिब्बों को कहाँ रखें?" बर्ट्रेंड ने पूछा.

"खाने वाले कमरे में नहीं!" माँ फील्डमाउस ने उत्तर दिया.

"हम उनके लिए कोई जगह तलाश करेंगे," फादर फील्डमाउस ने कहा.

"हम टॉयलेट पेपर ट्यूबों को कहां रखें?" कोलेट से पूछा.

"रसोई में नहीं, कृपया!"

माँ फील्डमाउस ने उत्तर दिया.

"हम उनके लिए कोई जगह तलाश करेंगे," फादर फील्डमाउस ने कहा.

"हम धागे की रीलें कहाँ रखें?"
डेनियल से पूछा.
"पुस्तकालय में नहीं!" माँ फील्डमाउस ने
उत्तर दिया.
"हम उनके लिए कोई जगह तलाश करेंगे,"
फादर फील्डमाउस ने कहा.

"हम अंडे के डिब्बों को कहाँ रखें?"
एस्तेर से पूछा.

"बाथरूम में नहीं!" माँ फील्डमाउस ने उत्तर दिया.
"हम उनके लिए कोई जगह तलाश करेंगे," फादर
फील्डमाउस ने कहा.

"हम पुरानी पत्रिकाओं को कहां रखें?"
फर्डिनेंड से पूछा.
"बेडरूम में नहीं!" माँ फील्डमाउस ने उत्तर दिया.
"हम उनके लिए कोई जगह तलाश करेंगे,"
फादर फील्डमाउस ने कहा.

"हम इस सब कचरे को कहाँ रखें?"
मदर फील्डमाउस से पूछा.
"गैराज में," फादर फील्डमाउस
ने उत्तर दिया.
"पर गैराज तो कार के लिए हैं,"
मदर फील्डहाउस ने कहा.
"लेकिन हमारे पास तो कार नहीं है,"
फादर फील्डमाउस ने कहा.
"तो चलो सब कचरे को गैरेज में डाल देते हैं,"
मदर फील्डमाउस ने कहा.

मिस्टर एंड मिसेज फील्डमाउस और
उनके छह बच्चों ने संतरे के रस के
डिब्बे, दूध के डिब्बे, टॉयलेट पेपर
ट्यूब, धागे की रीलें, अंडे के डिब्बे और
पुरानी पत्रिकाओं को खोलकर उन्हें
गैरेज में रख दिया.

अध्याय 3

मेहमान

फादर फील्डमाउस ने कहा, "चाचा अल्फ्रेड
और चाची केट हम से मिलने आ रहे हैं."
"कितनी अच्छी खबर है!" बच्चे चिल्लाए.
"हमें गैरेज को साफ करना होगा,"
मदर फील्डमाउस ने कहा.
"ऐसा क्यों?" फादर फील्डमाउस से पूछा.

"उनकी कार के लिए जगह बनाने के लिए,"
माँ फील्डमाउस ने उत्तर दिया.
"फादर फील्डमाउस ने कहा," घर के सामने
कार के लिए बहुत सारी जगह है.
"पर यह गैरेज को बर्बाद करने जैसा होगा,"
मदर फील्डमाउस ने कहा.
"गैरेज, कार के लिए ही होता है."

मिस्टर एंड मिसेज फील्डमाउस
और उनके छह बच्चों ने मिलकर
गैराज को साफ किया.
उन्होंने संतरे के रस के डिब्बे
भोजन कक्ष में डाले,
दूध के डिब्बे लिविंग रूम में डाले,
पुस्तकालय में टॉयलेट पेपर ट्यूब,
रसोई घर में धागे की रीलें,
बेडरूम में अंडे के डिब्बे,
और बाथरूम में पुरानी पत्रिकाएँ रखीं.
उससे गैरेज में कार के लिए
काफी जगह बन गई.

"आपका नया घर काफी अच्छा है,"
अंकल अल्फ्रेड ने कहा.
"लेकिन घर में आने-जाने के लिए ज़्यादा
खाली जगह नहीं है," चाची केट ने कहा.
"और नीचे बैठने के लिए तो कुछ भी
जगह नहीं है."

"यह सब कचरे के कारण है,"
फादर फील्डमाउस ने कहा.
"कौन सा कचरा?" चाचा अल्फ्रेड से पूछा.
मदर फील्डहाउस ने कहा, "संतरे के रस
के डिब्बे, दूध के डिब्बे, टॉयलेट पेपर
ट्यूब, धागे की रीलें और स्पूल,
अंडे के डिब्बे और पुरानी पत्रिकायें आदि."
"क्या आप किसी दिन उनका कुछ
उपयोग करेंगे?" चाची केट ने पूछा.

अध्याय 4

अंकल अल्फ्रेड का आईडिया

"देखिये आप कचरे से बहुत सी
नायाब चीजें बना सकते हैं!"
चाचा अल्फ्रेड ने कहा. वो पुरानी
पत्रिकाओं को पलट रहे थे.
"चलो हम संतरे के रस के
डिब्बों से शुरू करें!"

वे सभी भोजन कक्ष में गए और संतरे
के रस के डिब्बों का इस्तेमाल करके
उन्होंने कई चीजें बनाईं.
मदर फील्डमाउस ने शेर बनाए.
फादर फील्डमाउस ने बाघ बनाए.
बच्चों ने घोड़े बनाए.
चाची केट ने भालू बनाया.
और अंकल अल्फ्रेड ने एक टोपी बनाई.

जब उन्होंने सभी संतरे के रस के डिब्बों का इस्तेमाल कर डाला तो चाचा अल्फ्रेड ने कहा, "देखें, अब हम धागे की रीलों के साथ क्या-क्या बना सकते हैं?"

वे सभी रसोई में चले गए और उन्होंने धागे की रीलों से कई चीजें बनाईं.
मदर फील्डमाउस ने सांप बनाए.
फादर फील्डमाउस ने एक
ट्रैपेज़ (झूला) बनाया.
बच्चों ने बंदर बनाए.
आंटी केट ने जोकर बनाया.
और अंकल अल्फ्रेड ने एक
झुनझुना बनाया.

धागे की रीलों को ख़त्म करने के बाद
अंकल अल्फ्रेड ने कहा, "अब देखें कि
हम लोग टॉयलेट पेपर ट्यूबों के साथ
क्या-क्या बना सकते हैं?" फिर वे सभी
पुस्तकालय में गए और टॉयलेट पेपर
ट्यूबों के साथ उन्होंने कई चीजें बनाईं.

मदर फील्डहाउस ने हाथियों
का एक पूरा परिवार बनाया.
फादर फील्डमाउस ने एक
माइक्रोफोन बनाया.
बच्चों ने चश्में बनाए.
मौसी केट ने गोल छल्ला बनाया.
और चाचा अल्फ्रेड ने एक तोप बनाई.

जब उन्होंने सभी टॉयलेट पेपर ट्यूबों को ख़त्म किया, तो चाचा अल्फ्रेड ने कहा, "अब देखते हैं कि हम अंडे के डिब्बों के साथ क्या-क्या बना सकते हैं!" फिर वे सभी बेडरूम में गए और उन्होंने अंडे के डिब्बों के साथ तमाम चीजें बनाईं.

चाची केट ने उल्लू बनाया.

और अंकल अल्फ्रेड ने एक खरगोश बनाया.

मां फील्डमाउस ने कछुए बनाए.

फादर फील्डमोस ने एक मंच (स्टेज) बनाया. बच्चों ने कप बनाए.

जब उन्होंने सभी अंडे के डिब्बों को ख़त्म किया तो चाचा अल्फ्रेड ने कहा, "अब ज़रा उन सभी चीजों को देखें जिन्हें हम दूध के डिब्बों से बना सकते हैं!"

फिर वे सभी लिविंग रूम में चले गए और उन्होंने दूध के डिब्बों के साथ जानवरों के लिए पिंजरे बनाए.

"हमने एक पूरा सर्कस बनाया है!" चाचा अल्फ्रेड ने कहा.

"मुझे खुशी है कि हमने सब कचरा संजो कर रखा, उसे फेंका नहीं!" फादर फील्डमाउस ने कहा.

"मैंने हमेशा कहा था कि हम एक दिन उसका ज़रूर कुछ उपयोग करेंगे," मदर फील्डमाउस ने कहा.

"लेकिन आप इन सब चीज़ों को कहाँ रखेंगे?" आंटी केट से पूछा.

"गैरेज में," अंकल अल्फ्रेड ने कहा.

"गैरेज, कारों के लिए होते हैं,"

मदर फील्डमाउस ने कहा.

"कार खड़ी करने के लिए घर के सामने बहुत सारी जगह खाली पड़ी है," अंकल अल्फ्रेड ने कहा.

फिर वो घर के सामने अपनी कार पार्क करने गए.

उन्होंने जानवरों को पिंजरों में रखा और फिर पूरे सर्कस को गैरेज में ले गए.

"पुरानी पत्रिकाओं का आप क्या करेंगे?" मदर फील्डमाउस से पूछा.

"चलो उन्हें लाइब्रेरी में रखते हैं,"
फादर फील्डमाउस ने कहा.
"हम एक दिन ज़रूर उनका कुछ उपयोग
कर पाएंगे," अंकल अल्फ्रेड ने कहा.
मदर फील्डमाउस ने कहा, "अब हमारे
पास चलने के लिए काफी जगह है."
"और बैठने के लिए भी बहुत जगह है,"
यह कहकर आंटी केट लाइब्रेरी में पढ़ने
चली गईं.

चाचा अल्फ्रेड लिविंग
रूम में बैठ गए.

उसके बाद माँ और पिता
फील्डमाउस रात का खाना पकाने
के लिए रसोईघर में चले गए.

बच्चों ने भोजन कक्ष में मेज लगाई. "खाना परोस दिया गया है!" मदर फील्डमाउस कहा. फिर वे सब एक-एक करके बाथरूम में घुसे.

अंत में सब लोग एक बड़े संडे डिनर के लिए डाइनिंग रूम में इकट्ठा हुए.

अध्याय 5

धरती पर सबसे बड़ा शो

रात के खाने के बाद सब लोग
नीचे गैरेज में चले गए.
मां फील्डमाउस ने सभी को
एक-एक कप पॉपकॉर्न दिया.
फादर फील्डमॉस ने सबको
एक-एक चश्मा दिया.

चाचा अल्फ्रेड ने झुनझुना हिलाया.
"देवियो और सज्जनों!" उन्होंने
माइक्रोफोन में कहा, "अब पृथ्वी का
सबसे बड़ा शो शुरू होने वाला है."

फादर फील्डमॉस ने बंदरों को ट्रैपेज (झूले) पर नचाया. एनेट ने शेरों को उनके आसन पर बैठाया. बर्ट्रेंड ने छल्ले में से बाघों की छलांग लगवाई.

मदर फील्डमाउस ने हाथियों से एक पिरामिड बनवाया. कोलेट ने भालुओं को डांस करवाया.

आंटी केट ने जोकर को खरगोश को टोपी
से बाहर निकाला. डेनियल ने रिंग के
चारों ओर घोड़ों को मार्च कराया. एस्तेर ने
उल्लुओं को कछुओं पर सवारी करवाई.

फर्डिनेंड ने सांपों से नौ तक
के अंक लिखवाए.

समारोह के अंत में चाचा अल्फ्रेड ने तोप में से जोकर से छलांग लगवाई. सभी ने एक-दूसरे की सराहना की.

"कितना मजेदार शो था!" उन्होंने कहा.

"अब प्रिय मित्रों, मुझे डर है कि हमारे जाने का समय हो गया है," आंटी केट ने कहा.

"आप इतनी जल्दी जा रही हैं?" बच्चों से पूछा.

"वे जल्द ही फिर से आएँगे," फादर फील्डमाउस ने कहा.

चाचा अल्फ्रेड और चाची केट
अपनी कार में चढ़कर चले गए.
माता और पिता फील्डमाउस,
उनके छह बच्चे,
और पूरे सर्कस ने हाथ हिला-हिलाकर
उन्हें तब तक अलविदा किया
जब तक वे दृष्टि से बाहर नहीं हो गए.

समाप्त